संख्या- 23/2016/एस-3-442/दस-2016-ब(10)/2010

प्रेषक,

राज रतन,
उपसचिव,
उ0प्र0शासन ।

सेवा में,

निदेशक,
कोषागार, उत्तर प्रदेश,
जवाहर भवन, लखनऊ।

वित्त (सेवायें) अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 28 नवम्बर,2016

विषय:-निक्सी से क्रय किये गये 57 नग लाइन मैट्रिक्स प्रिन्टर का वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2051/कम्प्यू0/150/वेप प्रिन्टर/ए0एम0सी0/ को0नि0/2016 दिनांक 05अक्टूबर,2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- प्रकरण में निक्सी से क्रय किये गये 57 लाइन मैट्रिक्स प्रिन्टर का एन0आई0सी0 के अनुबन्ध प्रारूप पर निर्माणकर्ता/आपूर्तिकर्ता फर्म "मेसर्स वेप सालूशन लि0" से क्रय मूल्य रू0 1,14,88,464/- के 08 प्रतिशत की दर से अर्थात रू0 9,19,077/- तथा इस पर देय सर्विस टैक्स रू0 1,13,598/- को सम्मिलित करते हुए कुल वार्षिक अनुबन्ध धनराशि रू0 10,32,675/-(रूपये दस लाख बत्तीस हजार छः सौ पचहत्तर मात्र) की दिनांक 01-08-2014 से अगले 05 वर्ष के लिए किये वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध किये जाने हेतु शासनादेश संख्या एस-3-457/दस-2014-ब(10)/2010 दिनांक 30-07-2014 द्वारा की अनुमति प्रदान की गई थी ।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 30-07-2014 के संदर्भ में अनुरक्षण अनुबन्ध दिनांक 31-07-2016 से पूर्व निर्धारित दर एवं शर्तो के अधीन मै0 वेप0 सैलूशन लि0 के अथराइज्ड सर्विस प्रोवाइडर M/S Apace Micro Eletronics, L1/101. Shaheed Nagar, Agra से किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

4- उपर्युक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 30-07-2014 में शेष शर्ते यथावत रहेगी ।

5- कृपया उक्तानुसार अनुबन्ध निष्पादित कराते हुए उसकी एक प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राज रतन)
उपसचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 23/2016 /एस-3-442(1)/दस-2016-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, एवं लेखा परीक्षा (प्रथम/द्वितीय) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1/2
3- मेसर्स वेप सालूशन लि0-312 हेबल इन्डस्ट्रीयल एरिया मैसूर-570016
4- मेसर्स माइक्रो इलेक्ट्रानिक्स, (एल01/101, शाहिद नगर, आगरा, 282001)
5- अनुभागीय गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(राज रतन)
उपसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।